**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 07 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है **"स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य"**। बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और निवारक देखभाल के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, स्वास्थ्य दुनिया भर में एक शीर्ष प्राथमिकता के रूप में उभरा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों की भलाई के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 52 करोड़ से ज़्यादा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में यह योजना शुरु की गई थी। इस योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों के ऋण दिए जा रहे हैं। इसमें 50 हजार रुपये तक का **शिशु**, पांच लाख रुपये तक का **किशोर** और दस लाख रुपये तक का **तरुण** ऋण शामिल है।लगभग 70 प्रतिशत मुद्रा ऋण महिला उद्यमियों ने लिए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है और लैंगिक समानता में योगदान मिला है। 50 प्रतिशत से अधिक मुद्रा ऋण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को मिले हैं।

**********************************************************************

भिवानी की नई अनाज मंडी में सरसों की आवक जोरों पर है। भिवानी मार्केट कमेटी के अंतर्गत आने वाली तीनों मंडियों में फिलहाल शनिवार तक एक लाख 41 हज़ार क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। भिवानी अनाज मंडी के सचिव अनिल कुमार ने बताया --

उन्होंने कहा कि फसल की कटाई के चलते गेहूं की आवक अभी धीमी है, इक्का-दुक्का किसान मंडी में गेंहू लेकर आ रहा है।

**********************************************************************

आज  जिला जींद मुख्यालय के राजकीय महाविद्यालय और युवा समिति द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत  संयुक्त रूप से नशों के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई।  रैली को उप पुलिस अधीक्षक जोगेंद्र सिंह एवं कालेज के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया।  यह जागरूकता रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। सभी छात्र एवं छात्राओं को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मालिक ने बताया।

****************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में तैयार किए गए घरेलू हवाई अड्डे में सुरक्षा के लिए कोलकाता से बहु सुरक्षा उपकरण अम्बाला छावनी में पहुंच गए हैं। इन उपकरणों में अंडर व्हीकल सर्च मिरर के अलावा विस्फोटक जांच उपकरण , मादक पदार्थ जांच एवं अन्य तरह के आधुनिक उपकरण शामिल हैं।अंबाला छावनी में हवाई अड्डे का मुआयना करने के बाद श्री विज ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हवाईअड्डे पर यात्रियों के सामान की जांच के लिए दो एक्सरे मशीन स्थापित कर दी गई है। एक मशीन जहाज के अंदर साथ ले जाने वाले समान की जांच करने के लिए लगाई गई है जबकि दूसरी अन्य समान की जांच करेगी।श्री विज ने बताया कि उपायुक्त को हवाईअड्डे पर कर्मचारियों की शीघ्र तैनाती के लिए केन्द्रीय विमानन मंत्रालय और राज्य के विमानन विभाग से बातचीत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हवाईअड्डे पर स्वच्छता और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। श्री विज ने कहा कि यहां से जल्द विमान सेवा प्रारंभ होगी। पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, अयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए उड़ान शुरू होगी जिसका लाभ अम्बाला के आसपास के शहरों के अलावा अन्य राज्यों के लोगों को भी मिलेगा।

***************************************************************************

सन 1857 की क्रांति के अमर शहीद और बल्लभगढ़ रियासत के राजा नाहर सिंह की 202वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जाट समाज बल्लभगढ़ द्वारा सर्व समाज को साथ लेकर राजा नाहर सिंह महल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने राजा नाहर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में कई वीरों ने अपनी जान की आहुति दी और उनमें एक महत्वपूर्ण नाम राजा नाहर सिंह का भी है। उन्होंने कहा कि राजा नाहर सिंह की वीरता और साहस की कहानी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा ।